रजिस्ट्री सं० डी-222

REGISTERED No. D-222

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 14] नई दिल्ली, शनिवार, अप्रैल 7, 1973 (चैत्र 17, 1895)
No. 14] NEW DELHI, SATURDAY, APRIL 7, 1973 (CHAITRA 17, 1895)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

नोटिस
(NOTICE)

नीचे लिखे भारत के असाधारण राजपत्र 2 फरवरी 1973 तक प्रकाशित किये गये हैं :—
The undermentioned *Gazettes of India Extraordinary* were published up to the 2nd February 1973 :—

अंक Issue No.	संख्या और तिथि No. and Date	द्वारा जारी किया गया Issued by	विषय Subject

—शून्य—
—Nil—

ऊपर लिखे असाधारण राजपत्रों की प्रतियां प्रकाशन प्रबन्धक, सिविल लाइन्स, दिल्ली के नाम मांग-पत्र भेजने पर भेज दी जाएंगी। मांग-पत्र प्रबन्धक के पास इन राजपत्रों के जारी होने की तिथि से दस दिन के भीतर पहुंच जाने चाहिएं।

Copies of the *Gazettes Extraordinary* mentioned above will be supplied on indent to the Manager of Publications, Civil Lines, Delhi. Indents should be submitted so as to reach the Manager within ten days of the date of issue of these Gazettes.

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग I—खंड 1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं	
भाग I—खंड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अफसरों की नियक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं .	513
भाग I—खंड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं .	13
भाग I—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं .	417
भाग II—खंड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम . . .	—
भाग II—खंड 2—विधेयक और विधेयकों संबंधी प्रवर समितियों की रिपोर्ट . .	—
भाग II—खंड 3—उपखंड (i)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ-राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारों द्वारा जारी किए गए विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए साधारण नियम (जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उप-नियम आदि सम्मिलित हैं)	761
भाग II—खंड 3—उपखंड (ii)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालों ...र (संघ-राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों ...र) केन्द्रीय प्राधिकारों द्वारा ...गत बनाए और जारी किए ...ए अधिसूचनाएं	1457
... रक्षा मंत्रालय द्वारा ... आदेश ...	
... कार्यालय ...	
भाग III—खंड ... द्वारा जारी की गई ...	
भाग III—खंड 3—मुख्य आयुक्तों ... उनके प्राधिकार से जारी की गई अधि...ाएं	17
भाग III—खंड 4—विधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिनमें अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और ...सें शामिल हैं . .	1105
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी संस्थाओं के विज्ञापन तथा ...सें .	59
पूरक संख्या 14—	
31 मार्च, 1973 को समाप्त होने वाले सप्ताह की महामारी संबंधी साप्ताहिक रिपो... .	429
10 मार्च, 1973 को समाप्त होने सप्ताह के दौरान भारत में 30,000 तथा उससे अधिक आबादी के शहरों में जन्म बड़ी बीमारियों से हुई मृत्यु सम्बन्धी आ... .	445

CONTENTS

	PAGE
PART I—SECTION 1.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	417
PART I—SECTION 2.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	513
PART I—SECTION 3.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministry of Defence	13
PART I—SECTION 4.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Officers issued by the Ministry of Defence	417
PART II—SECTION 1.—Acts, Ordinances and Regulations	—
PART II—SECTION 2.—Bills and Reports of Select Committees on Bills	—
PART II—SECTION 3.—SUB.-SEC. (i)—General Statutory Rules (including orders, bye-laws etc of general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (Other than the Administrations of Union Territories ..	761
PART II—SECTION 3.—SUB.SEC. —Statutory Orders and Notificationsed by the Ministries of the Govern of India (other than the Ministry efence) and by the Central Authoritieer than the Administrations of Unioritories) ..	1457
PART II—SECTION 4.—Statutory and Orders notified by the Ministry efence ..	113
PART III—SECTION 1.—Notificaticsued by the Auditor General, Unionlic Service Commission, Railway Adtration High Courts and the Attached Subordinate Offices of the Governmf India ..	435
PART III—SECTION 2.—Notificat and Notices issued by the Patent O Calcutta ..	12
PART III—SECTION 3.—Notificaticsued by or under the authority of ef Commissioners	1'
PART III—SECTION 4.—Miscellar Notifications including Notifications, rs, Advertisements and Notices issby Statutory Bodies	1007
PART IV—Advertisements and es by Private Individuals and Privatedies ..	59
SUPPLEMENT No 14	
Weekly Epidemiological Repor week ending 31st March, 1973 ..	429
Births and Deaths from Pal diseases in towns with a populatio 30,000 and over in India duriweek ending 10th March 1973	445

भाग I—खण्ड 1

PART I—SECTION 1

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मन्त्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं

Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court

---

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 18 मार्च 1973

सं० 15-प्रेज/73-शुद्धि-पत्र—शुक्रवार दिनांक 26 जनवरी, 1973 के असाधारण भारतीय राजपत्र के भाग 1, खण्ड 1 में प्रकाशित इस सचिवालय की अधिसूचना सं० 8-प्रेज/73 दिनांक 26 जनवरी, 1973 में शुद्धि करने हेतु :—

पद्म विभूषण के अन्तर्गत

वास्ते	"डा० दौलत राम कोठारी, भूतपूर्व अध्यक्ष, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली ।"
पढ़ें	"प्रोफेसर दौलत सिंह कोठारी, भूतपूर्व अध्यक्ष, विश्व-विद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली ।"

पद्म विभूषण के अन्तर्गत

वास्ते	"डा० ओम पी० बहल, प्रोफेसर जीव-रसायन, वर्फैलो विश्वविद्यालय, न्यूयार्क ।"
पढ़ें	"डा० ओम प्रकाश बहल, प्रोफेसर जीव-रसायन, वर्फैलो विश्वविद्यालय, न्यूयार्क ।"
वास्ते	"डा० राजा मुत्तया अण्णामलै मुत्तया चेट्टियार, उद्योग-पति, तमिल नाडु ।"
पढ़ें	"डा० राजा मुतैय्या अण्णामलै मुतैय्या चेट्टियार, उद्योग-पति, तमिल नाडु ।"
वास्ते	"श्री वीनूमांकड, क्रिकेट खिलाड़ी, महाराष्ट्र ।"
पढ़ें	"श्री विनू हिमतलाल मांकड, क्रिकेट खिलाड़ी, महाराष्ट्र ।"

पद्म श्री के अन्तर्गत

वास्ते	"डा० भोयी भीमण्णा, तेलुगु लेखक, आंध्र प्रदेश ।"
पढ़ें	"डा० वोयि भीमन्न, तेलुगु लेखक, आंध्र प्रदेश ।"
वास्ते	"श्री चेल्लसामी सिर्चवे मुरुगभूपति, मृदंगवादक, तमिल नाडु ।"
पढ़ें	"श्री चेल्लसामि सिरचवे मुरुगभूपति, मृदंगवादक, तमिल नाडु ।"
वास्ते	"श्री चिण्णास्वामी राजन सुब्रमण्यन, प्रबन्ध निदेशक, भारत इलेक्ट्रोनिक्स, बंगलौर ।"
पढ़ें	"श्री चिण्णास्वामी राजम सुब्रमण्यन, प्रबन्ध निदेशक, भारत इलेक्ट्रोनिक्स, बंगलौर ।"
वास्ते	"डा० नामसाहेब नौरोजी वजीफदार, समाज सेवी, महाराष्ट्र ।"
पढ़ें	"डा० जमशेद नवरोजी वजीफदार, समाज सेवी, महाराष्ट्र ।"
वास्ते	"डा० कन्दर्प तुलजा शंकर ढोलकिया, अस्थिशल्य चिकित्सक, महाराष्ट्र ।"
पढ़ें	"डा० कन्दर्प तुलजाशंकर ढोलकिया, अस्थिशल्य चिकित्सक, महाराष्ट्र ।"
वास्ते	"श्री कृष्णन राघवचारी, मुख्य वैज्ञानिक अधिकारी, विस्फोटक अनुसंधान और विकास प्रयोगशाला, पाशन,:: पूना, महाराष्ट्र ।"
पढ़ें	"श्री राघवाचारी कृष्णन मुख्य वैज्ञानिक अधिकारी, विस्फोटक अनुसंधान और विकास प्रयोगशाला, पाशन, पूना, महाराष्ट्र ।"
वास्ते	"डा० मडल्ली गोपाल कृष्ण, निदेशक, भारतीय पैट्रोलियम संस्थान देहरादून, उत्तर प्रदेश ।"
पढ़ें	"डा० मद्दालि गोपाल कृष्ण, निदेशक, भारतीय पेट्रोलियम संस्थान देहरादून, उत्तर प्रदेश ।"
वास्ते	"डा० नन्दलाल वोरडिया, क्षय विज्ञान के एमेरिटस प्रोफेसर, एम० जी० एम० कालेज इन्दौर, मध्य प्रदेश ।"
पढ़ें	"डा० नन्दलाल लक्ष्मीलाल वोरदिया, क्षय विज्ञान के एमेरिटस प्रोफेसर, एम० जी० एम० कालेज इन्दौर, मध्य प्रदेश ।"
वास्ते	"श्री प्रभाशंकर ओगधभाई सोमपुरा, वास्तुकार, अहमदाबाद, गुजरात ।"
पढ़ें	"श्री प्रभाशंकर ओघडभाई सोमपुरा, वास्तुकार, अहमदाबाद, गुजरात ।"
वास्ते	"डा० रामचन्द्र कृष्णदास मेंडा, परामर्श शल्य चिकित्सक, बम्बई, महाराष्ट्र ।"
पढ़ें	"डा० रामचन्द्र किशिनदास मेंडा, परामर्श शल्य चि-किरसक, बम्बई, महाराष्ट्र ।"
वास्ते	"श्री रामचंद्र विश्वनाथ वाडकर, कुष्ट विज्ञानी, पूना, महाराष्ट्र ।"
पढ़ें	"डा० रामचन्द्र विश्वनाथ वारदेकर, कुष्ट विज्ञानी पूना, महाराष्ट्र ।"

वास्ते "कुमारी रोहिणी पूर्वेया, भूतपूर्व प्रिंसिपल, क्रासवेट कालेज, इलाहाबाद ।"

पढ़े "कुमारी कोदंड रोहिणी पूर्वेया, भूतपूर्व प्रिंसिपल, क्रासवेट कालेज, इलाहाबाद ।"

वास्ते "श्री सलाम मछलीशैरी, उर्दू कवि, दिल्ली ।"

पढ़े "श्री सलाम मछली शहरी, उर्दू कवि, दिल्ली ।"

वास्ते "श्रीमती सुलोचना मोदी, समाज सेविका, महाराष्ट्र ।"

पढ़े "श्रीमती सुलोचना मोहनलाल मोदी, समाज सेविका, महाराष्ट्र ।"

वास्ते "श्री थिक्कुरुसी सुकुमारन नायर, फिल्म कलाकार, त्रिवेंद्रम, केरल ।"

पढ़े "श्री थिक्कुरिसी सुकुमारन नायर, फिल्म कलाकार, त्रिवेंद्रम, केरल ।"

2. उपर्युक्त अधिसूचना के हिन्दी रूपान्तर में निम्नलिखित शुद्धियां कर ली जाएं ।

पद्म विभूषण के अन्तर्गत

वास्ते "श्रीमती नेली सेनगुप्ता, स्वतंत्रता सैनानी, कलकत्ता ।"

पढ़ें "श्रीमती नेली सेन-गप्त, स्वतंत्रता सेनानी, कलकत्ता ।"

पद्म भूषण के अन्तर्गत

वास्ते "श्रीमती गोसस्प मानकजी सोरावजी कैप्टेन, स्वतंत्रता संनानी, बम्बई ।"

पढ़ें "श्रीमती गोसस्प माणेकजी सोरावजी कैप्टन, स्वतंत्रता संनानी, बम्बई ।"

वास्ते "श्री नारायण दास रतनमल मलकानी, समाज सेवी, गुजरात ।"

पढ़ें "श्री नारायण दास रतनमल मलकाणी, समाज सेवी, गुजरात ।"

पद्म श्री के अन्तर्गत

वास्ते "श्री फतह चंद गेरा, भूतपूर्व प्रबन्ध निदेशक, फार्म्स कार्पोरेशन आफ इंडिया, नई दिल्ली ।"

पढ़ें "श्री फतेह चन्द गेरा, भूतपूर्व प्रबन्ध निदेशक, फार्म्स कार्पोरेशन आफ इंडिया, नई दिल्ली ।"

वास्ते "डा० जगदीश मित्र पहवा, प्रोफेसर, नेहरू नेत्र विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान, नेत्र चिकित्सालय, सीतापुर, उत्तर प्रदेश ।"

पढ़ें "डा० जगदीश मित्र पाहवा, प्रोफेसर, नेहरू नेत्र विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान, नेत्र चिकित्सालय, सीतापुर, उत्तर प्रदेश ।"

वास्ते "डा० मदमपथ कलत्तिल कृष्ण मैनन, स्त्री रोग वैज्ञानिक, तमिल नाडु ।"

पढ़ें "डा० माडमपत कलत्तिल कृष्ण मैनन, स्त्री रोग वैज्ञानिक, तमिल नाडु ।"

वास्ते "डा० नैदुमनगद्दू केशव पणिक्कर, निदेशक, राष्ट्रीय महासागर विज्ञान संस्थान, पणजी, गोवा ।"

पढ़ें "डा० नेदुमंगतु केशव पणिक्कर, निदेशक, राष्ट्रीय महासागर विज्ञान संस्थान, पणजी, गोवा ।"

वास्ते "श्री पदिजरायनक्षम नारायणन नायर भास्करन नायर, संयुक्त निदेशक, रेल मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली ।"

पढ़ें "श्री पडींजारैमडम नारायणन् नायर भास्करन नायर, संयुक्त निदेशक, रेल मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली ।"

वास्ते "श्री पणिमंगलोर अप्पराय भट्ट, प्रबन्ध निदेशक, एशियन इलैक्ट्रोनिक्स लि० बम्बई ।"

पढ़ें "श्री पानीमंगलूर अप्रय भट, प्रबन्ध निदेशक, एशियन इलैक्ट्रोनिक्स लि०, बम्बई ।"

वास्ते "श्री शंकर रामचंद्र पणहाले, लोकोपकारक, पूना, महाराष्ट्र ।"

पढ़ें "श्री शंकर रामचन्द्र पन्हाले, लोकोपकारक, पूना, महाराष्ट्र ।"

दिनांक 24 मार्च 1973

सं० 17-प्रेज/73—**शुद्धि-पत्र**—मंगलवार दिनांक 15 अगस्त, 1972 के असाधारण भारतीय राजपत्र के भाग 1, खण्ड 1 में प्रकाशित इस सचिवालय की अधिसूचना सं० 97-प्रेज/72, दिनांक 15 अगस्त, 1972 में शुद्धि करने हेतु :—

संस्कृत के अन्तर्गत

वास्ते "श्री गुन्देराव करकरे"

पढ़ें "गुंडे राव हरकारे"

वास्ते "वराहूत शंकरशिवकुलम् वैद्यनाथ अय्यर गुरुस्वामी शास्त्री"

पढ़ें "श्री वराहूर शंकरशिवकुलम् वैद्यनाथ्यर गुरुस्वामी शास्त्री"

अरबी के अन्तर्गत

वास्ते "श्री इम्तियाज अली अरशी"

पढ़ें "श्री इम्तियाज अली खां अर्शी"

फारसी के अन्तर्गत

वास्ते "डा० एम० ए० एच० आबिदी"

पढ़ें "डा० सैयद अमीर हसन आबिदी"

दिनांक 29 मार्च 1973

सं० 18-प्रेज/73—**शुद्धि-पत्र**—दिनांक 13 फरवरी 1971 के भारतीय राजपत्र के भाग 1, खण्ड 1 में प्रकाशित इस सचिवालय की दिनांक 2 फरवरी, 1971 की अधिसूचना सं० 11-प्रेज 71 पृष्ठ 160 पर पैरा 2 के स्थान पर निम्नलिखित पढ़ा जाय :—

ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अन्तर्गत वीरता के लिये दिये जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 22 अक्तूबर 1969 से दिया जायेगा ।

दिनांक 30 मार्च 1973

सं० 19-प्रेज/73—राष्ट्रपति उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस तथा अग्नि शमन सेवा पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री राम किशुन राय,
कांस्टेबल सं० 139,
जिला बलिया,
उत्तर प्रदेश ।

(स्वर्गीय)

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

11 जून, 1971 को शाम के लगभग 5 बजकर 30 मिनट पर श्री राम किशुन राय अपने गांव नागसर को लौटते हुए स्टीमर घाट, गाजीपुर से नौका में बैठकर गंगा नदी को पार कर रहे थे । नदी में बाढ़ आई हुई थी और पानी का बहाव तेज था । मल्लाह उग्र स्थिति में नाव पर नियंत्रण नहीं पा सके और नाव जब नदी के दूसरे किनारे से लगभग केवल 200 गज की दूरी पर थी तो पानी उसके अन्दर आने लगा । दोनों मल्लाह अपनी जान बचाने के लिये नाव से कूद गये । नाव उलट गई और यात्री डूबने लगे । श्री राम किशुन राय डूबते हुए यात्रियों को बचाने के लिये नदी में कूद पड़े । अपनी सुरक्षा और इसके साथ ही इस बात की परवाह न करते हुए कि उनका पुत्र भी उसी नाव में यात्रा कर रहा है और डूब रहा है, उन्होंने पांच अन्य व्यक्तियों को बचाया और एक एक करके उनको नदी के किनार पर ले आये । उसके बाद वे अपने पुत्र को बचाने के लिये गये किन्तु तब तक श्री राम किशुन राय बिलकुल थक चुके थे और वे तेज पानी के बहाव का सामना नहीं कर सके । वह अपने पुत्र को नहीं बचा सके और स्वयं भी डूब गये ।

श्री राम किशुन राय ने उत्कृष्ट वीरता तथा साहस का परिचय दिया और उन्होंने अपने तथा अपने पुत्र के प्राणों की परवाह न करते हुए पांच व्यक्तियों की जानें बचाईं ।

2. यह पदक राष्ट्रपति का पुलिस तथा अग्नि शमन सेवा पदक नियमावली के नियम 4(i) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृति भत्ता भी दिनांक 11 जून 1971 से दिया जाएगा ।

सं० 20-प्रेज/73—राष्ट्रपति सीमा सुरक्षा दल के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस तथा अग्नि शमन सेवा पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री अमरीक सिंह,
हैड कांस्टेबल,
57वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा दल ।

(स्वर्गीय)

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

श्री अमरीक सिंह को पूसा वाह्य सीमा चौकी पर तैनात प्लाटून के सैक्शन कमाण्डर के रूप में नियुक्त किया गया था । 3/4 दिसम्बर, 1971 की रात्रि को पाकिस्तानियों ने पूसा वाह्य चौकी पर अचानक आक्रमण किया । आक्रमण रात्रि को 8 बजकर 50 मिनट पर किया गया । उसके तुरन्त बाद पाकिस्तानी टैंकों का भी वाह्य सीमा चौकी के समीप जमाव हो गया और उसके तुरन्त बाद पैदल सेना ने आक्रमण कर दिया । इस अचानक आक्रमण के कारण प्लाटून को चौकी से हटाने तथा पहले से चुने हुए स्थान पर एकत्र करने का निश्चय किया गया । पिछले मोर्चे की ओर नियोजित रूप से पीछे हटने के बारे में श्री अमरीक सिंह ने अनुभव किया कि पाकिस्तानी सेना वाह्य सीमा चौकी की ओर इस तेजी से बढ़ रही है कि उनके जवानों के लिए उस निश्चित स्थान तक पहुंच पाना कठिन होगा । उन्होंने स्वयं लाईट मशीन गन सम्भाली और अपनी टुकड़ी को पीछे हटने का आदेश दिया । उन्होंने आक्रमणकारी शत्रु सेना को तब तक दूर रखा जब तक कि उनके जवान वाह्य सीमा चौकी से पीछे नहीं निकल गये । उस समय तक शत्रु सेना दायीं व बायीं ओर से वाह्य सीमा चौकी के और समीप आने लगी । इसी समय श्री अमरीक सिंह ने चौकी छोड़ने का निश्चय किया किन्तु जैसे ही वे खाई से बाहर निकले तो स्वचालित गोलीबारी की एक बौछार लगने से गम्भीर रूप से घायल हो गये । जब एक नायक ने श्री अमरीक सिंह को एक सुरक्षित स्थान पर ले जाना चाहा तो श्री अमरीक सिंह ने सहायता लेने से मना कर दिया और उन्होंने नायक को आदेश दिया कि वह यह सुनिश्चित करे कि टुकड़ी पिछले मोर्चे पर सुरक्षित वापस पहुंच जाये । ऐसा कहने के बाद उनके प्राणान्त हो गये ।

पूसा वाह्य चौकी पर शत्रु की कार्यवाही में श्री अमरीक सिंह ने उत्कृष्ट साहस का परिचय दिया और अपनी प्लाटून को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने हेतु अपने जीवन का बलिदान कर दिया ।

2. यह पदक राष्ट्रपति का पुलिस तथा अग्नि शमन सेवा पदक नियमावली के नियम 4(i) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 4 दिसम्बर, 1971 से दिया जाएगा ।

सं० 21-प्रेज/73—राष्ट्रपति केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पद सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री कंवर पाल,
कांस्टेबल सं० 47407,
40 वीं बटालियन,
केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

2 दिसम्बर 1971 को स्टेट बैंक के खजाने को जो दुर्गापुर मुख्य कार्यालय से माइनिंग एण्ड एलाइड मशीनरी कारपोरेशन में उसकी शाखा को, दो सशस्त्र रक्षकों के संरक्षण में तीन बैंक कर्मचारियों द्वारा एक स्टेशन वेगन में ले जाया जा रहा था, लगभग 12.45 बज दामोदर घाटी निगम के समीप जी० टी० रोड के चौराह पर उसे रोक लिया गया । स्टेशन वैगन को एक काली ऐम्बेसडर कार ने रोका जिसमें कुछ बदमाश थे । उन्होंने स्टेशन वैगन पर बम फेंके और पिस्तोल दिखाकर 4 लाख रुपयों पर कब्जा कर दिया । उन्होंने रक्षकों में से एक से 12 बोर की एक बन्दूक छीन ली और उसी ऐम्बेसडर कार में भाग गये । भागते समय कार का एक पहिया नाली में फंस गया और कार रूक गई । डाकू 12 बोर की बन्दूक को फेंक कर और कार को वहीं छोड़ कर फूलझोर की ओर पैदल भाग गये । भागते हुए डाकू श्री कंवर पाल के निकट आ गये जिन्हें वहां पर केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल की भूमि के संरक्षण के लिए नियुक्त किया गया था । एक डाकू ने श्री कंवर पाल पर अपना रिवाल्वर ताना किन्तु इससे पहले कि डाकू अपनी रिवाल्वर चला सके श्री कंवर पाल ने अपनी सुरक्षा की परवाह न करत हुए उसे आत्मसमर्पण करने को बाध्य कर दिया । अन्य दो डाकुओं को भी पुलिस दल ने गिरफ्तार कर लिया । उस स्थान से 320000 रुपये की राशि भी बराबद की गई । इस बीच बैंक अधिकारी और सिविल पुलिस के सदस्य भी वहां पहुंच गय और तलाशी पर 23000 रुपये तथा कुछ गोलाबारूद बरामद किया गया ।

श्री कंवर पाल ने निजी सुरक्षा की परवाह न करते हुए इन पक्के अपराधियों का पीछा करने में साहस, सूझबूझ तथा उत्कृट वीरता का परिचय दिया ।

2. यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (i) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 2 दिसम्बर, 1971 से दिया जाएगा ।

सं० 22-प्रेज/73—राष्ट्रपति केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद
श्री तूही राम,
कांस्टेबल सं० 68020042
10वीं बटालियन,
केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

श्री तूही राम केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल की 10वीं बटालियन में थे, जिसे मणिपुर राज्य के तामेन्गलोंग जिले में तैनात किया गया था । 27 अक्टूबर, 1971 को सूचना मिली कि विरोधियों का एक गिरोह केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल के बटालियन मुख्यालय से लगभग 23 मील दूरी पर थारन गांव के समीप घने जंगल में डेरा डाले हुए है । विरोधियों के शिविर पर छापा मारने तथा उन्हें पकड़ने के लिए एक गश्ती दल नियुक्त किया गया । श्री तूही राम गश्ती दल के साथ गये । रात भर चलने के बाद वे उस स्थान पर पहुंचे और विरोधियों के शिविर का पता लगाया किन्तु विरोधी उस स्थान से जा चुके थे । गश्ती दल ने शिविर को नष्ट कर दिया और विरोधियों की तलाश शुरू की । गश्ती दल जब लगभग एक किलोमीटर बढ़ चुका था तो विरोधियों ने दल की अग्रिम टुकड़ी पर गोली चलाई । सहायक कामण्डेन्ट को गोली लगी और वे गंभीर रूप से घायल हो गए । निजी सुरक्षा की परवाह न करते हुए श्री तूही राम भारी गोलीबारी की अपेक्षा करते हुए तुरन्त सहायक कमांडेन्ट की ओर बढ़े और उन्हें सुरक्षित स्थान पर ले आये । ऐसा करते हुए श्री तूही राम की छाती में बाई ओर तथा बायें हाथ में गोली लगी जिससे वे गम्भीर रूप से घायल भी हो गये ।

श्री तूही राम की वीरतापूर्ण कार्यवाही के कारण ही सहायक कमांडेन्ट की जान बच सकी और विरोधियों को पीछे हटने पर बाध्य कर दिया गया ।

2. यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृति भत्ता भी दिनांक 27 अक्तूबर 1971 से दिया जाएगा ।

सं० 23-प्रेज/73—राष्ट्रपति केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद
श्री रेवत सिंह,
जमादार,
11वीं बटायलियन,
केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

12/13 जनवरी, 1972 की रात्रि को मणिपुर में रेजेन्हेमा गांव के समीप विरोधियों की गतिविधियों को रोकने के लिये श्री रेवत सिंह एक गश्ती दल का नेतृत्व कर रहे थे । 13 जनवरी की प्रातः श्री रेवत सिंह को कुछ संदेह हुआ कि जहां उन्होंने अपने जवान तैनात कर रखे थे वहां से दूर एक स्थान पर विरोधियों का संचलन हो रहा है । श्री रेवत सिंह एक महत्वपूर्ण पहाड़ी पर गये और वहां घात

लगा कर प्रतीक्षा करने लगे। रेजेन्हेमा गांव की ओर जाते हुए विरोधियों के एक गिरोह को, जो पूरी तरह हथियार बन्द था, केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल के जवानों का उपस्थिति के बारे में सूचना मिल गई थी। सूचना मिलने पर केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल के गश्ती दल को घेरने के उद्देश्य से विरोधी छोटे छोटे दलों में बंट गये। उनकी एक टुकड़ी ने आगे बढ़कर केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल के कमाण्डर को चुनौती दी। श्री रेवत सिंह जो प्रेक्षक व्यक्ति के समीप थे, अपनी सुरक्षा की परवाह न करते हुए अपने मोर्चे से बाहर कूद पड़े और विरोधियों की टुकड़ी पर गोलाबारी कर दी। विरोधियों ने भी स्वचालित हथियारों से जवाब में गोली चलाई। यद्यिपि गश्ती दल संख्या में अपेक्षाकृत बहुत कम था, फिर भी रेवत सिंह ने क्षेत्रीय हथियारों और वैयक्तिक हथियारों का प्रयोग करके विरोधियों के मानोबल को नष्ट कर दिया और उन्हें पीछे हटना पड़ा। वे बहुत से हथियार, गोला बारूद और खाने पीने का सामान तथा जरूरी दस्तावेज छोड़ कर भाग निकले।

इस मुठभेड़ में श्री रेवत सिंह ने उत्कृष्ट वीरता का परिचय दिया और विरोधियों को भारी क्षति पहुंचाई।

2. यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 13 जनवरी, 1972 से दिया जाएगा।

सं० 24-प्रेज/73—राष्ट्रपति सीमा सुरक्षा दल के निम्नांकित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम तथा पद

श्री सुखचरण सिंह,
हैड कांस्टेबल,
27वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा दल।
श्री हर नारायण,
लान्स नायक,
27वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा दल।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

12 दिसम्बर, 1971 को मुलकोट बाह्य सीमा चौकी पर जो उस समय पाकिस्तानी सेना के कब्जे में थी पुनः कब्जा करने के लिए एक धावा बोला गया। बाह्य सीमा चौकी के चारों ओर समतल भूमि होने के कारण सीमा सुरक्षा दल की टुकड़ी बाह्य चौकी के पास पहुंचने के लिए लगभग 800 गज की दूरी तक रेंग कर गई। फिर भी, शत्रु सतर्क हो गया और उसने स्वाचालित हथियारों और मोर्टरों से गोलियां चलाई और टुकड़ी को दबा दिया। श्री सुखचरण सिंह और श्री हर नारायण आगे बढ़े और शत्रु की खन्दकों में, जहां से गोलाबारी हो रही थी, हथगोले फेंके और निजी हथियारों से शत्रु को हताहत किया। इससे सारा दल और निकट पहुंच सका तथा शत्रु को जान और माल की भारी हानि पहुंचाने में समर्थ हुआ। जब श्री सुखचरण सिंह और श्री हर नारायण वापस लौटने ही वाले थे तो श्री सुखचरण सिंह के पैर में गोली लगी। दल का नेता भी बुरी तरह घायल हो चुका था और पिकेट में गिर गया। श्री सुखचरण सिंह अपने घाव से बहते हुए खून की परवाह न करते हुए तथा शत्रु की भारी गोलाबारी से अविचलित दल के नेता की सहायता करने के लिए आगे बढ़े। इसके साथ श्री हर नारायण भी घायल अधिकारी को उठाने आगे बढ़े। जब श्री हर नारायण घायल अधिकारी को अपनी पीठ पर ले जा रहे थे तो श्री सुखचरण सिंह शत्रु की ओर से हर प्रकार की कार्यवाही का सामना करने के लिए सजग रहे।

श्री सुखचरण सिंह और श्री हर नारायण ने शत्रु द्वारा पीछा किये जाने की कार्यवाही की परवाह न करते हुए धावा बोलने वाले दल की सहायता करने तथा दल के घायल नेता को सुरक्षित स्थान पर लाने में अनुकरणीय साहस का परिचय दिया।

2. ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 12 दिसम्बर, 1971 से दिया जाएगा।

सं० 25-प्रेज/73—राष्ट्रपति पंजाब पुलिस के निम्नांकित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम तथा पद

श्री सूबे सिंह,
पुलिस अधीक्षक,
संगरूर,
पंजाब।

श्री जसवन्त सिंह बरार,
पुलिस उप अधीक्षक,
बरनाला,
पंजाब।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

27 जनवरी, 1972 को श्री सूबे सिंह को सूचना मिली कि कुछ कुख्यात उग्र वादियों द्वारा जघन्य अपराध करने के लिए रायसर भक्तगढ़ कच्चा रास्ते से मोर-सेना शाखा नदी का पुल पार करके पाखों जाने की सम्भावना है। श्री सूबे सिंह तुरन्त अपने जवानों के साथ बरनाला को चल दिये। श्री जसवन्त सिंह बरार ने शाखा नदी पुल के पास पहले से ही नाकाबन्दी कर रखी थी। पुल के पास पहुंच कर श्री सूबे सिंह ने और नाकाबन्दी की। श्री जसवन्त सिंह बरार और अन्य व्यक्तियों ने पुल की पार्श्व दीवारों और नहर के किनारों की आड़ लेकर भक्तगढ़ की ओर से पुल के सामरिक महत्व के रास्तों पर घात लगाई। नाकाबन्दी दल अत्यधिक ठंड वाली रात्रि में प्रातः 3 बजे तक सतर्क रहा जबकि चार सशस्त्र अपराधी रायसर की ओर से किनारे की परिसीमा की ओर आते दिखाई पड़े। ललकारे जाने पर अपराधियों ने पुलिस दल पर गोली चला दी। यद्यपि पुलिस ने उन्हें आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी फिर भी अपराधियों ने गोली चलाना बन्द नहीं किया। अपराधियों द्वारा चलाई गई गोलियां श्री सूबे सिंह और श्री जसवन्त सिंह बरार के अत्यन्त निकट से निकली किन्तु वे अविचलित रहे और अपराधियों की ओर बढ़ते रहे। श्री जसवन्त सिंह बरार अपराधियों की ओर रेंगते हुए आगे बढ़े और उन्होंने अपनी रिवाल्वर से उन पर गोलियां चलाईं। डेढ़-घंटे की मुठभेड़ के बाद अपराधियों की ओर से गोलियां चलनी बन्द हो गईं। आगे बढ़ने पर पुलिस को तीन अपराधियों के शव बरामद हुए। चौथा अपराधी ढलान तथा गड्ढों की आड़ में बचकर भाग गया।

इस मुठभेड़ में श्री सूबे सिंह और श्री जसवन्त सिंह बरार ने उत्कृष्ट साहस का परिचय दिया तथा अपने कर्मचारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर अपराधियों का सामना किया और तीन अपराधियों को मौत के घाट उतार दिया।

2. ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप श्री जसवन्त सिंह बरार को नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 27 जनवरी, 1972 से दिया जाएगा।

सं० 26-प्रेज/73—राष्ट्रपति मध्य प्रदेश पुलिस के निम्नांकित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम तथा पद

श्री रघुनन्दन शर्मा,
पुलिस उप-निरीक्षक,
जिला मुरैना,
मध्य प्रदेश ।

श्री प्रेम नारायण शुक्ल,
कम्पनी कमाण्डर,
24वीं बटालियन,
विशेष सशस्त्र दल,
मध्य प्रदेश ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

यह सूचना प्राप्त होने पर कि डाकू फूला का गिरोह जो मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और राजस्थान तीनों राज्यों के सीमान्त स्थान पर स्थित होलपुड़ा के समीप उपस्थित है, 28 अप्रैल, 1971 को कम्पनी कमाण्डरों के अधीन दो पुलिस दल उस क्षेत्र को भेजे गये। इन पुलिस दलों में से एक का नेतृत्व श्री प्रेम नारायण शुक्ल द्वारा किया गया था। डाकू को एक गांव में शरण लेने को बाध्य करने के बाद एक पुलिस दल लौट आया। 30 अप्रैल, 1971 को सांय श्री प्रेम नारायण शुक्ल के नेतृत्व वाले पुलिस दल को सूचना मिली कि डाकुओं के गिरोह का मुखिया नया बांस गांव में एक मकान में सो रहा है। सूचना प्राप्त होने पर श्री रघुनन्दन शर्मा सहित 8 व्यक्तियों का पुलिस दल घटना-स्थल पर तुरन्त पहुंचा और नया बांस गांव में डाकू के छिपने के स्थान को घेर लिया। श्री शुक्ल श्री रघुनन्दन शर्मा के साथ मकान में घुसे। जब श्री रघुनन्दन शर्मा उस चारपाई की ओर जा रहे थे, जिस पर डाकुओं का नेता सो रहा था, तो वह जाग गया। निजी सुरक्षा की परवाह न करते हुए श्री रघुनन्दन शर्मा डाकू को वश में करने के लिए उस पर टूट पड़े। श्री शुक्ल ने श्री शर्मा की सहायता की और उसे पकड़े रखा। डाकुओं के नेता के साथ हाथापाई में श्री शर्मा ने उस की राइफल की नाली को ऊपर की ओर किये रखा जिसके परिणामस्वरूप डाकू द्वारा गोलियां चलाई जाने पर भी किसी पुलिस अधिकारी को नहीं लग सकीं। अन्य पुलिस अधिकारियों की सहायता से डाकुओं के नेता को गोली से मार दिया गया।

इस मुठभेड़ में श्री रघुनन्दन शर्मा और श्री प्रेम नारायण शुक्ल ने उत्कृष्ट साहस तथा वीरता का परिचय दिया और डाकुओं के नेता को मौत के घाट उतार दिया।

2. ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 30 अप्रैल, 1971 से दिया जाएगा।

मंत्रिमंडल सचिवालय

कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग

नई दिल्ली-110001, दिनांक 7 अप्रैल 1973

सं० 10/4/73-के० से०-II—केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा, सशस्त्र सेना मुख्यालय लिपिक सेवा, भारतीय विदेश सेवा शाखा (ख) के ग्रेड 6 के अवर श्रेणी ग्रेड में नियमित रूप से नियुक्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लिए आरक्षित अस्थायी रिक्त स्थानों को भरने के प्रयोजन के लिए मंत्रिमण्डल सचिवालय में कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग, नई दिल्ली के सचिवालय प्रशिक्षण तथा प्रबंध संस्थान द्वारा ली जाने वाली प्रतियोगिता परीक्षा के नियम सर्वसाधारण की सूचना के लिए प्रकाशित किए जाते हैं।

जो उम्मीदवार परीक्षा में बैठने दिए जाएंगे वे निम्नलिखित सेवा के अवर श्रेणी ग्रेड के रिक्त स्थानों के लिए प्रतियोगिता करने के पात्र समझे जाएंगे :—

(1) केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा, यदि वे केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा में भाग लेने वाले मंत्रालयों/कार्यालयों में कार्य कर रहे हैं,

(2) सशस्त्र सेना मुख्यालय लिपिक सेवा, यदि वे सशस्त्र सेना मुख्यालय तथा अन्त: सेवा संगठनों में नियुक्त हैं, और

(3) भारतीय विदेश सेवा (ख) के ग्रेड 6, यदि वे विदेश मंत्रालय या विदेशों में इसकी मिशनों में नियुक्त हैं।

2. परीक्षा के परिणाम के आधार पर भरे जाने के लिए रिक्त स्थानों की संख्या मंत्रिमंडल सचिवालय के कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग के सचिवालय प्रशिक्षण तथा प्रबंध संस्थान द्वारा जारी की जाने वाली सूचना में निर्दिष्ट की जाएगी। अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के उम्मीदवारों के लिए रिक्त स्थानों के संबंध में आरक्षण भारत सरकार द्वारा निश्चित किए जाने के अनुसार किए जाएंगे।

अनुसूचित जातियों/आदिम जातियों का अर्थ, बम्बई पुनर्गठन अधिनियम 1960, पंजाब पुनर्गठन अधिनियम, 1966, अनुसूचित तथा अनुसूचित आदिम जातियों (संशोधन) अधिनियम, 1956, संविधान (जम्मू तथा कश्मीर) अनुसूचित जाति आदेश, 1956, संविधान (अंडमान तथा निकोबार द्वीपसमूह) अनुसूचित आदिम जाति आदेश, 1959 संविधान (दादरा तथा नागर हवेली) अनुसूचित जाति आदेश, 1962, संविधान (दादरा तथा नागर हवेली) अनुसूचित आदिम जाति आदेश, 1962, संविधान (पांडि-चेरी) अनुसूचित जाति आदेश, 1964, संविधान (अनुसूचित आदिम जाति) (उत्तर प्रदेश) आदेश, 1967, संविधान (गोवा, दमन तथा दीव) अनुसूचित आदिम जाति आदेश, 1968 (गोवा, दमन तथा दीव) अनुसूचित आदिम जाति आदेश, 1968 तथा संविधान (नागालैण्ड) अनुसूचित आदिम जाति आदेश, 1970 के साथ पठित अनुसूचित जाति/आदिम जाति सूची (संशोधन) आदेश, 1956 में उल्लिखित जातियों/आदिम जातियों में से कोई सी जाति है।

3. इन नियमों के परिशिष्ट में निर्धारित पद्धति के अनुसार मंत्रिमंडल सचिवालय के कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग के सचिवालय प्रशिक्षण तथा प्रबंध संस्थान द्वारा परीक्षा ली जाएगी।

4. दिल्ली और विदेशों में भारतीय निर्धारित मिशनों में किस तारीख और किन स्थानों पर परीक्षा ली जायेगी, इसको सचिवालय प्रशिक्षण तथा प्रबंध संस्थान नियत करेगा।

5. कोई भी स्थायी अथवा नियमित रूप से नियुक्त अस्थायी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी परीक्षा में बैठने का पात्र होगा जिसके संबंध में निम्नलिखित शर्तें पूरी होती हों :—

1. सेवा अवधि

उसने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रूप में अथवा केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा में भाग लेने वाले मंत्रालयों/कार्यालयों में अथवा सशस्त्र सेना मुख्यालय और/अथवा अत: सेवा संगठनों अथवा विदेश मंत्रालय अथवा विदेशों में इसकी मिशनों में किसी उच्च ग्रेड में 1 जनवरी, 1973 को कम से कम 5 वर्ष की अनुमोदित तथा लगातार सेवा की हो।

टिप्पणी 1 :—5 वर्ष की अनुमोदित तथा लगातार सेवा की सीमा तब भी लागू होगी यदि उम्मीदवार की कुल गिनती की जाने वाली सेवा आंशिक रूप में किसी मंत्रालय अथवा केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा में भाग लेने वाले किसी कार्यालय में अथवा सशस्त्र सेना मुख्यालय लिपिक सेवा में भाग लेने वाले किसी कार्यालय में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रूप में और आंशिक रूप में अन्यत्र उसके समकक्ष या उच्च ग्रेड में या विदेश मंत्रालय में और विदेशों में इसके मिशनों में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रूप में हो।

टिप्पणी 2 :—जो चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से संवर्ग बाह्य पदों में प्रतिनियुक्ति पर हैं वे अन्यथा पात्र होने पर परीक्षा में बैठने के पात्र होंगे। जो चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संवर्गबाह्य पद पर नियुक्त किया गया है अथवा स्थानान्तरण पर अन्य सेवा में है और फिलहाल चतुर्थ श्रेणी के पद पर उसका ग्रहणाधिकार बना हुआ है वह भी अन्यथा पात्र होने पर परीक्षा में बैठने का पात्र है।

2. आयु

वह 1 जनवरी, 1973 को 45 वर्ष की आयु से अधिक नहीं होना चाहिए, अर्थात् 2 जनवरी, 1928 से पहले उसका जन्म न हुआ हो।

यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित आदिम जाति का है तो उपर्युक्त निर्धारित आयु-सीमा में अधिक से अधिक 5 वर्ष तक की छूट दी जा सकती है।

ऊपर बताई गई स्थितियों के अलावा निर्धारित आयु-सीमा में किसी हालत में छूट नहीं दी जा सकेगी।

3. **शैक्षिक अर्हता** :

उम्मीदवार ने निम्नलिखित परीक्षाओं में से एक परीक्षा पास की हो या निम्नलिखित प्रमाण पत्रों में से एक प्रमाण पत्र प्राप्त किया हो :—

(1) भारत के केन्द्रीय अथवा राज्य विधान मंडल के किसी अधिनियम द्वारा नियमित किसी विश्व-विद्यालय की मैट्रिक परीक्षा,

(2) किसी राज्य के शिक्षा बोर्ड द्वारा माध्यमिक स्कूल कोर्स के अन्त में स्कूल लीविंग, माध्यमिक स्कूल हाई स्कूल या ऐसे किसी और प्रमाण पत्र के दिए जाने के लिए ली गई कोई परीक्षा जिसे वह राज्य सरकार नौकरी में प्रवेश के लिए मैट्रिक के प्रमाण पत्र के समकक्ष मानती हो।

(3) कैम्ब्रिज स्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा (सीनियर कैम्ब्रिज),

(4) राज्य सरकार द्वारा ली जाने वाली यूरोपीय हाई स्कूल परीक्षा,

(5) दिल्ली पोलीटैक्नीक के तकनीकी हायर सेकेण्डरी स्कूल की दसवीं कक्षा का प्रमाण पत्र,

(6) भारत में किसी मान्यता प्राप्त हायर सेकेण्डरी स्कूल मल्टीपरपज स्कूल द्वारा हायर सेकेण्डरी पाठ्यक्रम/मल्टीपरपज पाठ्यक्रम (जो किसी उम्मीदवार को 3 वर्ष के डिग्री कोर्स के लिए प्रवेश पाने के योग्य बनाती हो) के उपान्तिम वर्ष में ली गई परीक्षा में उत्तीर्ण,

(7) इंडियन स्कूल सार्टिफिकेट परीक्षा के लिए छात्रों को तैयार कराने वाली किसी मान्यता प्राप्त स्कूल की दसवीं कक्षा का प्रमाण पत्र,

(8) अरविंद अन्तर्राष्ट्रीय शिक्षा केन्द्र, पांडिचेरी के उच्चतर माध्यमिक शिक्षा पाठ्यक्रम की दसवीं कक्षा का प्रमाण पत्र,

(9) जामिया मिलिया इस्लामिया, दिल्ली की जूनियर परीक्षा केवल जामिया के वास्तविक आवासी छात्रों के लिए,

(10) बंगाल (साइंस) स्कूल सार्टीफिकेट,

(11) नेशनल काउन्सिल आफ ऐजूकेशन (राष्ट्रीय शिक्षा परिषद्) जादवपुर, पश्चिमी बंगाल की (शुरू से लेकर) फाइनल स्कूल स्टैन्डर्ड परीक्षा,

(12) गुजरात विद्यापीठ अहमदाबाद की विनीत परीक्षा,

(13) पांडिचेरी के नीचे लिखी फ्रेंच परीक्षाएं:—

(1) ब्रीवेटए लिमिन्ट्यर, (2) ब्रीवे द एंसीमा प्रीमियर द लांग एंदियन, (3) ब्रीवे द एल्यूद टू यू प्रीमियेर सिवल, (4) ब्रीवे द एंसीमा प्रीमियेर सुपीरयेर द लांग इंदियेन और (5) ब्रीवे द लांग इंदियेन (वर्नाक्यूलर),

(14) गोवा, दमन और दीव की पुर्तगाली परीक्षा लाहसिमूम के पांचवें वर्ष में पास,

(15) इंडियन आर्मी स्पेशल सार्टिफिकेट आफ एजुकेशन,

(16) भारतीय नौसेना का हायर एजूकेशन टैस्ट,

(17) एडवांस क्लास (भारतीय नौ सेना) परीक्षा,

(18) सीलोन सीनियर स्कूल सार्टिफिकेट परीक्षा,

(19) पूर्वी बंगाल उच्चतर शिक्षा बोर्ड, ढाका द्वारा दिया गया प्रमाण पत्र,

(20) पूर्वी पाकिस्तान स्थित कौमीला, राजशाही, खुलना, जैस्सोर के माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा दिए गए माध्यमिक स्कूल के प्रमाण पत्र,

(21) नेपाल सरकार की स्कूल लीविंग सार्टिफिकेट परीक्षा,

(22) एंग्लो वर्नाक्यूलर स्कूल लीविंग सार्टिफिकेट परीक्षा (वर्मा),

(23) बर्मा हाई स्कूल फाइनल परीक्षा प्रमाण पत्र,

(24) शिक्षा विभाग, वर्मा की एंग्लो वर्नाक्यूलर हाई स्कूल परीक्षा (युद्ध पूर्व),

(25) वर्मा का पोस्ट-वार स्कूल लीविंग सार्टिफिकेट,

(26) साधारण स्तर पर लंका की जनरल सार्टिफिकेट आफ एजूकेशन नामक परीक्षा यदि वह अंग्रेजी तथा गणित और सिंहली या तमिल सहित छह विषयों में पास की गई हो,

(27) साधारण स्तर पर लंदन के एसोसिएटेड एक्जामिनेशन बोर्डस की जनरल सार्टिफिकेट आफ एजूकेशन परीक्षा, यदि वह अंग्रेजी सहित पांच विषयों में पास की गई हो,

(28) किसी राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड द्वारा ली गई जूनियर/सेकेण्डरी तकनीकी स्कूल परीक्षा,

(29) पूर्व मध्यमा (अंग्रेजी सहित) या पुरानी खण्ड मध्यमा (प्रथम दो वर्ष का पाठ्यक्रम) तथा वाराणसेय संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी के अन्य विषयों में से एक विषय अंग्रेजी सहित अतिरिक्त विषयों में विशिष्ट परीक्षा।

(30) गोवा, दमन तथा दीव की स्वतंत्रता से पूर्व पोर्टगीज संगठन के अधीन पानीजी स्थित एस्कोला इण्डस्ट्रियल कमीशिचल डी गोवा द्वारा दिए गए/कार्टाडी कुर्सी डी फार्माकाओ डी सेरालहीरो (लोहारखाना पाठ्यक्रम का सार्टिफिकेट) तथा कार्टाडी कुर्सी डी मोण्टाडोर इलेक्ट्रिसिस्टा (इलेक्ट्रिशन कोर्स का सार्टिफिकेट),

(31) राष्ट्रीय इंडियन मिलिट्री कालेज डिप्लोमा परीक्षा,

(32) राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान, नई दिल्ली द्वारा संचालित 'माध्यमा' परीक्षा,

(33) कारपोरल के रैंक में पदोन्नति के लिए शिक्षा निदेशालय, वायुसेना मुख्यालय, नई दिल्ली द्वारा ली जाने वाली भारतीय वायुसेना शैक्षिक परीक्षा,

(34) दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा ली गई विज्ञान अईक विज्ञान परीक्षा, 1965।

टिप्पणी 1—यदि कोई उम्मीदवार ऐसी परीक्षा दे चुका हो जिसमें उत्तीर्ण होने पर वह इस परीक्षा में बैठे सकना है, लेकिन उसके परिणाम की सूचना उसे नहीं मिली हो तो ऐसी स्थिति में वह इस परीक्षा में बैठने के लिए आवेदन पत्र भेज सकता है, जो उम्मीदवार उक्त किसी अर्हक (क्वालीफाइंग) परीक्षा में बैठना चाहते हों, वे भी आवेदन पत्र दे सकते हैं बशर्ते कि यह अर्हक परीक्षा इस परीक्षा के शुरू होने से पहले समाप्त हो जाए। अन्यशर्तें पूरी होने पर ऐसे उम्मीदवारों को परीक्षा में बैठने की यह अन्तिम मानी जाएगी और यदि वे उक्त परीक्षा पास करने का प्रमाण यथा शीघ्र और हर हालत में इस परीक्षा के शुरू होने की तारीख से अधिक से अधिक दो महीने में प्रस्तुत नहीं करते हैं तो वह अनुमति रद्द कर दी जा सकेगी।

टिप्पणी 2—कुछ आपवादिक मामलों में केन्द्रीय सरकार किसी ऐसे उम्मीदवार को अर्हता प्राप्त उम्मीदवार मान सकती है जिसके पास उक्त नियमों के अनुसार कोई उपाधि नहीं है, बशर्ते कि वह उस स्तर तक अर्हता प्राप्त है, जो उस सरकार की राय में परीक्षा में बैठने के लिए उचित है।

6. परीक्षा में बैठने के लिए उम्मीदवार की पात्रता या अपात्रता के बारे में संस्थान का निर्णय अन्तिम होगा।

7. किसी भी उम्मीदवार को परीक्षा में तब तक नहीं बैठने दिया जाएगा जब तक उसके पास संस्थान का प्रवेश पत्र न हो।

8. यदि कोई उम्मीदवार संस्थान द्वारा इस बात के लिए दोषी घोषित किया जाए या किया गया हो कि उसने दूसरे व्यक्ति से अपनी परीक्षा दिलवाई है या जाली प्रलेख अथवा ऐसे प्रलेख प्रस्तुत किए हैं जिनमें कि हेरा-फेरी की गई है या गलत या झूठे वक्तव्य दिए गए हैं या कोई महत्वपूर्ण बात छिपाई है या परीक्षा में प्रवेश पाने के लिए किसी और अनियमित या अनुपयुक्त तरीके से काम लिया है अथवा परीक्षा भवन में अनुचित तरीकों को प्रयोग किया है या प्रयोग करने की कोशिश की है या परीक्षा भवनमें या इस के अहाते में कोई दुर्व्यवहार किया है या संस्थान द्वारा अथवा सुपरवाइजर/निरीक्षक द्वारा जारी किए गए आदेशों का पालन नहीं किया है तो उस पर आपराधिक अभियोग (क्रिमिनल प्रोसीक्यूशन) के चलाये जाने के अतिरिक्त :—

(क) संस्थान उसे उम्मीदवारों के चुनाव के लिए संस्थान द्वारा ली जाने वाली किसी भी परीक्षा या इन्टरव्यू में शामिल होने से रोक सकता है, और

(ख) उपयुक्त नियमों के अधीन उस पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जा सकती है?

9. यदि कोई उम्मीदवार किसी प्रकार से अपनी उम्मीदवारी के लिए समर्थन प्राप्त करने की कोई कोशिश करेगा तो उसे उक्त परीक्षा में बैठने के लिए अयोग्य घोषित किया जा सकता है।

10. परीक्षा के बाद संस्थान अन्तिम रूप से प्रत्येक उम्मीदवार को दिए गए कुल अंकों के आधार पर उम्मीदवारों की योग्यता क्रम से तीन अलग-अलग सूचियां बनाएगा, और उसी क्रम से परीक्षा के परिणामों के आधार पर क्रमशः केन्द्रीय सचिवालय लिपिक सेवा तथा सशस्त्र सेना मुख्यालय लिपिक सेवा और भारतीय विदेश सेवा (ख) के ग्रेड 6 में भरे जाने के लिए निश्चित अनारक्षित रिक्त स्थानों की संख्या के अनुसार जितने उम्मीदवार परीक्षा द्वारा अर्हता प्राप्त होंगे, उनकी नियुक्ति के लिए संस्थान सिफारिश करेगा। लेकिन शर्त यह है कि अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित आदिम जातियों के लिए आरक्षित जितनी रिक्तियां सामान्य स्तर के आधार पर नहीं भरी जा सकती आरक्षित कोटा में कमी को पूरा करने के लिए उतनी रिक्तियों तक के लिए सचिवालय प्रशिक्षण तथा प्रबंध संस्थान द्वारा एक रियायती स्तर से किसी भी अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित आदिम जाति के उम्मीदवारों की, यदि वे उम्मीदवार सेवा में चुने जाने के लिए उपयुक्त हों, परीक्षा में योग्यता क्रम में उनकी स्थिति का विचार करते हुए, सिफारिश की जा सकेगी।

टिप्पणी :—उम्मीदवारों को यह स्पष्ट रूप से मालूम होना चाहिए कि यह प्रतियोगिता परीक्षा है, अर्हक परीक्षा नहीं। परीक्षा के परिणाम के आधार पर निम्न श्रेणी ग्रेड के लिए प्रवर सूची में नियुक्त किए जाने वाले व्यक्तियों की संख्या का निर्णय करने के लिए सरकार पूरी तरह से सक्षम है। इसलिए इस परीक्षा में निष्पादन के आधार पर निम्न श्रेणी लिपिक के रूप में नियुक्ति के लिए अधिकार के रूप में कोई उम्मीदवार दावा नहीं कर सकेगा।

11. हर एक उम्मीदवार को परीक्षाफल की सूचना किस रूप में तथा किस प्रकार दी जाए, इसका निर्णय संस्थान अपने विवेकानुसार करेगा और संस्थान परिणामों के संबंध में उनसे कोई पत्र व्यवहार नहीं करेगा।

12. जब तक आवश्यक जांच के बाद सरकार संतुष्ट न हो जाए कि उम्मीदवार इस सेवा में नियुक्ति के लिए हर प्रकार से पात्र तथा उपयुक्त है, तब तक परीक्षा में पास हो जाने मात्र से ही नियुक्ति का अधिकार नहीं मिल जाता।

13. उम्मीदवार को मानसिक और शारीरिक दृष्टि से स्वस्थ होना चाहिए और उसमें कोई ऐसा शारीरिक दोष नहीं होना चाहिए जो संबंधित सेवा के अधिकारी के रूप में अपने कर्त्तव्यों को कुशलतापूर्वक निभाने में बाधक हो। यदि सक्षम प्राधिकारी द्वारा विहित डाक्टरी परीक्षा के बाद किसी उम्मीदवार के बारे में यह ज्ञात हुआ कि वह इन अपेक्षाओं को पूरा नहीं कर सका है तो उसकी नियुक्ति नहीं की जाएगी। केवल उन्हीं उम्मीदवारों की डाक्टरी परीक्षा की जायेगी जिन के बारे में नियुक्ति संबंध में विचार किए जाने की सम्भावना हो।

टिप्पणी:—विकलांग भूतपूर्व रक्षा सेवा के कार्मिकों के मामले में रक्षा सेवा के सैन्य विघटन डाक्टरी बोर्ड द्वारा दिया गया स्वास्थता प्रमाण पत्र नियुक्ति के प्रयोजन के लिए पर्याप्त समझा जाएगा।

(14.) इस परिणाम के आधार पर की जाने वाली सभी नियुक्तियों के साथ एक शर्त यह होगी कि यदि उम्मीदवार ने सचिवालय प्रशिक्षण स्कूल अथवा सचिवालय प्रशिक्षण तथा प्रबन्ध संस्थान द्वारा ली गई अंग्रेजी या हिन्दी का कोई आवधिक टंकण परीक्षा पहले ही पास न की हो तो वह नियुक्ति की तारीख से एक वर्ष के भीतर इस प्रयोजन के लिए सरकार द्वारा निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा संचालित अंग्रेजी में 30 शब्द अथवा हिन्दी में 25 शब्द प्रति मिनट की न्यूनतम गति से ऐसी परीक्षा पास करेगा, ऐसा न करने पर जब तक वह परीक्षा पास नहीं कर लेता तब तक उसे वार्षिक वेतन वृद्धि (वृद्धियां) नहीं दी जायगी । यदि कोई उम्मीदवार परिवीक्षा की अवधि में उक्त परीक्षा पास नहीं कर लेता तो उसे अवर श्रेणी लिपिक ग्रेड में नियुक्त करने से पूर्व मूल नियुक्ति पर अथवा अस्थायी पद पर लौटा दिया जाएगा ।

